## 1- ऑनलाइन/ऑफलाइन विषय वस्तु

1. स्पोकन ट्यूटोरियल्स की ऑनलाइन विषय वस्तु को इस लिंक से एक्सेस किया जा सकता है http://spoken-tutorial.org/tutorial-search/
2. आप ऑफलाइन अभ्यास के लिए स्पोकन ट्यूटोरियल्स इस लिंक से डाउनलोड कर सकते हैं http://spoken-tutorial.org/cdcontent/
3. आप इस लिंक से Foss के वर्गों को उस भाषा में डाउनलोड कर सकते हैं, जिस भाषा में आप सीखना चाहते हैं।
4. स्पोकन ट्यूटोरियल विषय वस्तु आपकी मशीन पर zip फाइल के रूप में डाउनलोड होगी।
5. zip फाइल की विषय वस्तु को एक्सट्रैक्ट करें और उन्हें एक्सेस करें।

## 2- अभ्यास की प्रक्रिया

1. आपको स्पोकन ट्यूटोरियल्स और फाइल्स का एक सेट दिया गया है।
2. विशिष्ट रूप से आप एक समय पर एक ट्यूटोरियल करेंगे।
3. आप स्पोकन ट्यूटोरियल सुन सकते हैं और वीडियो में दिखाए गए की तरह सारी कमांड्स को दोबारा कर सकते हैं।
4. यदि आपको उपरोक्त निर्देशों में कोई कठिनाई आती है तो आप एक बार पूरा ट्यूटोरियल सुने और फिर दूसरी बार सुनते समय उसका अभ्यास भी करें।

## 3- Git

1. "Select FOSS Category" ड्राप-डाउन पर क्लिक करें और "Git" चुनें।
2. "Select Language" ड्रॉप-डाउन पर क्लिक करें और अपनी पसंद की भाषा (अंग्रेजी, हिन्दी, मराठी....) चुनें।
3. "Submit" बटन पर क्लिक करें।
4. आप अपने चुनाव के आधार पर ट्यूटोरियल्स की सूची देखेंगे।
5. प्रदर्शित सूची में पहले ट्यूटोरियल के साथ शुरू करें।

## 4- पहला ट्यूटोरियल: Overview and Installation of Git

1. “Overview and Installation of Git” विषय पर जाएँ और इस पर क्लिक करें।
2. ट्यूटोरियल को देखने के लिए Play आइकन पर क्लिक करें जो प्लेयर में स्थित है।
3. Pre-requisite प्लेयर के नीचे दिखेगा (ऑनलाइन विषय-वस्तु के लिए)।
4. Outline, Assignments, Code Files और Slides प्लेयर के नीचे उपलब्ध हैं।
5. ब्राउज़र का साइज़ इस प्रकार समायोजित करें ताकि आप एक साथ अभ्यास करने में सक्षम हों।

### 4.1 लिनक्स OS पर अभ्यास के निर्देश

(a) ट्यूटोरियल्स लिनक्स OS पर समझाए गए हैं।
(b) ट्यूटोरियल में निर्देशित की तरह अनुसरण करना लिनक्स उपयोगकर्ताओं के लिए आसान होगा।

(c) उबन्टु लिनक्स पर टर्मिनल खोलने के लिए अपने कीबोर्ड पर एकसाथ Ctrl + Alt + T कीज़ दबाएँ।

### 4.2 विंडोज़ OS पर अभ्यास के निर्देश

(a) विंडोज़ पर कमांड प्रॉम्प्ट उपयोग करनी होती है।
(b) विंडोज़ पर कमांड प्रॉम्प्ट खोलने के लिए अपने कीबोर्ड पर एक साथ विंडोज़ की और R की दबाएँ। यह Run प्रॉम्प्ट खोलेगा।
(c) Run प्रॉम्प्ट पर टाइप करें cmd और Ok पर क्लिक करें।
(d) यह कमांड प्रॉम्प्ट खोलेगा।

### 4.3 नियत कार्यों के लिए सामान्य निर्देश

(a) कमांड प्रॉम्प्ट पर टाइप करें mkdir name-rollno-Git और एंटर दबाएँ।
(b) यह आपके होम फोल्डर पर आपके "name" और "rollno" के साथ एक फोल्डर बनाएगा।
(c) टाइप करें cd name-rollno-Git और एंटर दबाएँ।
(Eg. cd Priya-1-Git)
(d) यह आपको उस फोल्डर पर ले जायेगा।
(e) अगली बार पहचानने के लिए अपने फोल्डर में अपनी फाइल्स को एक अद्वितीय नाम से सेव करें।
(Eg. "Practice-01-Git")
(f) अपने सारे काम को अपनी डायरेक्टरी में सेव करना याद रखें।
(g) यह सुनिश्चित करेगा कि आपकी फाइल्स किसी और से ओवर-राइट न हो जाएँ।
(h) कार्य के अंत में सेव करने के बजाए अपना काम समय समय पर सेव करते रहें।
(i) ट्यूटोरियल में निर्देशित की तरह दिए गए सभी नियत कार्यों को करें।

### 4.4 कोड फाइल्स उपयोग करने के सामान्य निर्देश

(a) प्लेयर के नीचे कोड फाइल्स लिंक पर क्लिक करें और इसे अपने फोल्डर में सेव करें।
(b) डाउनलोड की हुई ज़िप फाइल को एक्सट्रैक्ट करें।
(c) आप उस ट्यूटोरियल में उपयोग हुई कोड/सोर्स फाइल्स देखेंगे।
(d) उस ट्यूटोरियल में दिए गए निर्देशों के आधार पर उन फाइल्स का उपयोग करें।

6. पूरे ट्यूटोरियल को प्ले करें-रोकें-अभ्यास करें।
7. एक बार ट्यूटोरियल समाप्त होने पर प्लेलिस्ट से अगला ट्यूटोरियल चुनें जो प्लेयर के दायीं ओर या नीचे स्थित है।
8. उपरोक्त सभी निर्देशों का अनुसरण करें जब तक आप इस क्रम के सारे ट्यूटोरियल्स समाप्त न कर लें।